# जेईई मेन्स निकाली, अब एडवांस पर फोकस

## तनिष्क सिंघल बने सिटी टॉपर


नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 17 फरवरी. जेईई मेन्स परीक्षा 2026 के फेज 1 का परिणाम सोमवार की देर रात घोषित कर दिया गया है। जिसमें राजधानी के सिटी टॉपर तनिष्क सिंघल ने 99.92 पर्सेंटाइल, कुनाल ज्ञानचंदानी 99.6, अर्श गिरी 99.56, कृष्णा वर्मा 99.55, अंशिका धाकड़ और अनुज सिंह 99.48, जय कौशिक 99.21 और सालेहा अंसारी ने 98.79 पर्सेंटाइल के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टॉपर्स की सूची में अपना नाम दर्ज कराया है.**





मैं समय देख कर पढ़ाई नहीं करता था. रोज का एक लक्ष्य बनाता था और उसे पूरा करता था, पूरे शेड्यूल को बनाने में और पढ़ाई कैसे करनी है इस स्ट्रेटजी में आकाश इंस्टीट्यूट के टीचर्स और पैरेंट्स ने बहुत सहयोग किया है. आगे के लिए कंप्यूटर साइंस की फील्ड चुनी है. फिलहाल जेईई एडवांस पर फोकस रहेगा।– **तनिष्क सिंघल,** सिटी टॉपर, आकाश इंस्टीट्यूट, भोपाल



मैंने शुरू से ही अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित किया है. स्कूल के शिक्षकों का काफी सहयोग से हर छोटे से बड़े डॉउट को क्लियर करने और योजनाबद्ध तरीके से पढ़ना परिणाम में काफी मददगार रहा है. साथ ही पैरेंट्स का निरंतर सहयोग ने मुझे बेहतर परिणाम लाने की ओर अग्रसर किया है.

– **कुनाल ज्ञानचंदानी,** सुभाष एक्सीलेंस स्कूल



मैंने कभी भी तनाव के साथ पढ़ाई नहीं की. पढ़ाई के समय पढ़ाई और समय निकालकर खेलना, घूमना सब किया है. सही गाइडेंस और शिक्षकों के सहयोग के साथ घर वालों का सपोर्ट था, जिससे मैं 99 .56 पर्सेंटाइल ला पाया. आगे मैंने मैथ मेटिक्स और कम्प्यूटिंग का लक्ष्य बनाया है उससे पहले एडवांस की तैयारी पर फोकस रहेगा।

– **अर्श गिरी,** आकाश इंस्टीट्यूट, भोपाल



अच्छे टीचर और स्कूल के सुपर 100 स्कीम में सिलेक्ट होकर तैयारी को बेहतर करने में काफी मदद मिली. रोज 13 से 14 घंटे पढ़ाई के साथ में मां और भाई का सहयोग हर जरुरत पर मिलता रहा है. इसी कारण पहली ही कोशिश में चयनित हो गया हूं, आगे भी ऐसे ही लगन से पढ़ूंगा जिससे एडवांस में अच्छी रैंक लेकर आऊं. – **जय कौशिक,** सुभाष एक्सीलेंस स्कूल, भोपाल

### सुभाष एक्सीलेंस के 76 विद्यार्थियों ने मारी बाजी

जेईई मेन्स रिजल्ट 2026 के परिणाम में सुभाष एक्सीलेंस हायर सेकंडरी स्कूल के 76 विद्यार्थियों ने परीक्षा पास कर एडवांस के लिए चयनित होकर स्कूल की शिक्षा गुणवत्ता का बेहतरीन परिचय दिया है. स्कूल के प्रिंसिपल सुधाकर पारासर ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यालय की उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, अध्यापकों का सहयोग और छात्रों का निरंतर प्रयास है. जो इतनी बड़ी संख्या में विद्यालय से जेईई एडवांस के लिए छात्र चयनित हुए हैं।

### आकाश इंस्टीट्यूट से 11 छात्रों को 98 पर्सेंटाइल

पिछले तीन सालों में दूसरी बार है जब आकाश इंस्टीट्यूट के छात्र सिटी टॉपर बने हैं. इस बार भी जेईई मेन्स 2026 के परिणाम में तनिष्क सिंघल ने 99 .92 पर्सेंटाइल हासिल कर सिटी टॉपर में अपना नाम दर्ज कराया है. जबकि कुल 11 छात्रों ने 98 पर्सेंटाइल से अधिक अंक लाकर शहर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है. संस्थान के असिस्टेंट डायरेक्टर विक्रम सक्सेना ने बताया यह उपलब्धि सुनियोजित तैयारी, नियमित टेस्ट सीरीज, डाउट सेशन, विशेषज्ञ फैकल्टी के मार्गदर्शन और छात्रों की मेहनत का परिणाम है।

## कोचिंग सेंटर्स के लिए नियम बनाएगी सरकार

**भोपाल, 17 फरवरी.** कोचिंग संस्थानों द्वारा छात्रों को प्रताड़ित किए जाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने और विद्यार्थियों की आत्महत्या की रोकथाम एवं मानसकि स्वास्थ्य संरक्षण के लिए राज्य सरकार नए नियम बनाएगी. राजधानी के सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय भोपाल में कोचिंग संस्थानों के नियमों को लेकर हुई बैठक में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा विभाग अनुपम राजन और कोचिंग संचालकों के बीच संवाद हुआ. यह संवाद सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर उच्च शक्षिण संस्थानों में विद्यार्थियों की आत्महत्या की रोकथाम एवं मानसकि स्वास्थ्य संरक्षण के लिए तय की जाने वाली व्यवस्था के अंतर्गत किए गए. अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन ने विभागों के प्रतिनिधियों, कोचिंग सेंटर संचालकों एवं समिति सदस्यों से सुझाव लिए.

# त्रुटियों से सीख लें पुलिस अधिकारी : अनिल कुमार

▸ महिला एवं बाल अपराधों पर कार्यशाला का समापन

विशेष संवाददाता

**भोपाल 17 फरवरी, मप्र पुलिस की महिला सुरक्षा शाखा द्वारा नवीन पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में 'महिला अपराधों की विवेचना में सुधार' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य महिला एवं बाल अपराधों की विवेचना को अधिक प्रभावी, त्रुटिरहित एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाना था।**




कार्यशाला में प्रदेशभर से 62 पुलिस अधिकारी शामिल हुए, जिनमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (महिला सुरक्षा), उप पुलिस अधीक्षक, महिला थाना प्रभारी एवं उप निरीक्षक स्तर के विवेचक शामिल थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष पुलिस महानिदेशक (महिला सुरक्षा) अनिल कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विवेचना के दौरान दोनों पक्षों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए सभी साक्ष्यों का समुचित संकलन एवं विश्लेषण किया जाना चाहिए तथा पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध होने पर ही अभियोग पत्र प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को पूर्व मामलों के न्यायालयीन निर्णयों का अध्ययन कर त्रुटियों से सीख लेने की सलाह दी।

कार्यशाला में पीड़िताओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार, दोषमुक्ति दर में कमी, साक्ष्य संकलन की मजबूती तथा पुलिस, अभियोजन और अन्य एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय पर चर्चा की गई। विषय विशेषज्ञों ने पॉक्सो अधिनियम, आयु निर्धारण, डीएनए सैम्पलिंग, साइबर फोरेंसिक, गवाह संरक्षण एवं पीड़ित अधिकारों पर विस्तृत जानकारी

## कल मनेगी शिवाजी महाराज की जयंती

**भोपाल.** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के पावन अवसर पर 19 फरवरी को महाराष्ट्रीयन कुनबी पाटील समाज द्वारा एक रैली का आयोजन किया जा रहा है. रैली के माध्यम से छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों, स्वाभिमान एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा. मेजर नानके पेट्रोल पंप, न्यू मार्केट से होगा, जो 1250 चौराहा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर समापन के साथ सम्पन्न होगी. आयोजकों ने अपील की कि वे अपने परिवार, मित्रों एवं समाजबंधुओं के साथ समय पर उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाएं. विशेष आकर्षण के रूप में रैली में सहभागी सभी समाजजनों को समाज पुस्तिका नि:शुल्क प्रदान की जाएगी।

# किन्नर वेशभूषा की प्रस्तुतियों को सराहा

## एमवीएम में वार्षिक स्नेह सम्मेलन संपन्न

**भोपाल, 17 फरवरी. शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय (एमवीएम) भोपाल में वार्षिक स्नेह सम्मेलन और पुरस्कार वितरण समारोह अभिरंगना 2026 का आयोजन मंगलवार को उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ.**

मुख्य अतिथि मध्य क्षेत्र अभाविप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतन सिंह सुखाड़िया और भोपाल नर्मदापुरम संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. मथुरा प्रसाद रहे. अभिरंगना कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली, नृत्य प्रतियोगिताएं हुईं. जिसमें रिवाज कार्यक्रम विशेष आकर्षण रहा. बिरसा मुंडा, भगत सिंह और किन्नर वेशभूषा की प्रस्तुतियों ने दर्शकों की सराहना बटोरी. वहीं कृष्णा मिश्रा के भरतनाट्यम ने वातावरण को भावपूर्ण बना दिया. कार्यक्रम के




मुख्य अतिथि चेतन सिंह ने बदलते समय में तकनीक और नवाचार की भूमिका पर जोर दिया. वहीं डॉ. मथुरा प्रसाद ने युवाओं को उनकी जिम्मेदारियों का स्मरण कराते हुए कहा कि भारत विश्व गुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और इसमें युवाओं की भूमिका निर्णायक है. प्राचार्य डॉ. गीता मोदी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों का उल्लेख किया. कार्यक्रम में मिस अभिरंगना के रूप में मदीहा और मिस्टर अभिरंग के रूप में निखिल पाराशर का चयन हुआ. समारोह में विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए गए. . संचालन डॉ. अशोक शर्मा ने किया.


## एक नजर में



### एम्स भोपाल में सजी खुशियों की पाठशाला

**भोपाल, 17 फरवरी.** मरीजों की धड़कनों के बीच दिन रात जिम्मेदारी निभाने वाले डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी जब खुद तनाव से घिरने लगें तो इलाज का दायरा अधूरा रह जाता है। इसी सच को समझते हुए एम्स भोपाल ने इस बार इलाज से आगे बढ़कर मन को स्वस्थ रखने की पहल की. संस्थान के स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र ने आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के सहयोग से तीन दिवसीय हैप्पीनेस कार्यक्रम आयोजित किया. जिसमें संकाय सदस्य और विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया. कार्यक्रम कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ प्रोफेसर डॉ. माधवानन्द कर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ.

### गुरु स्मृति दिवस आज, होंगे धार्मिक कार्यक्रम



**भोपाल, 17 फरवरी.** आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के द्वितीय समाधि दिवस पर विधोदय जैन युवा महासंघ के तत्वावधान में गुरु स्मृति दिवस पर बुधवार को कई धार्मिक कार्यक्रम होंगे. संयम कीर्ति स्तंभ राजा भोज सेतु कमला पार्क पर सायं 7 बजे से भक्ति मय आरती, भजन संध्या के साथ घर-घर से एक दीपक श्रद्धालु समर्पित करेंगे, संस्था के अध्यक्ष अभिराज जैन एडवोकेट, सचिव यश जैन ने बताया कि इस अवसर पर प्रात: 10 बजे से विभिन्न स्थानों पर भोजन वितरण भी किया जाएगा. इसके साथ ही विधोदय महासंघ के सदस्य आचार्य श्री के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने विशेष जन जागरण अभियान प्रारंभ करेंगे.

# भोजपुर में लोक-काव्य की बही अविरल धारा

**भोपाल, 17 फरवरी. महाशिवरात्रि की पावन अवसर पर तीन दिवसीय महादेव भोजपुर महोत्सव का समापन लोकगीत और अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की गरिमामयी प्रस्तुतियों के साथ हुआ। मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन रायसेन के सहयोग से आयोजित इस महोत्सव ने भोजपुर की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर दिया।**





मंगलवार की संध्या पर भोजपुर मंदिर परिसर में जब लोकस्वरों की गूंज शिवमय आकाश से टकराई तो लगा मानो इतिहास और वर्तमान एक साथ सांस ले रहे हों। अंतिम दिवस की शुरुआत भोपाल के बलराम पुरोहित की सरस्वती वंदना से हुई। उनकी लोकधुनों ने राजा भोज की नगरी को लोकजीवन की सोंधी महक से भर दिया। वहीं शिव और होली के गीतों की प्रस्तुति पर श्रोता देर तक तल्लीन रहे।

इसके बाद अखिल भारतीय कवि सम्मेलन ने माहौल को शब्दों के उत्सव में बदल दिया। दिल्ली के अशोक चक्रधर ने अपनी विशिष्ट शैली में प्रेम और राष्ट्रभाव को स्वर दिया। मुंबई के दिनेश बावरा ने जल संरक्षण और मोबाइल के बढ़ते प्रभाव पर व्यंग्यात्मक चेतावनी दी। वहीं आगरा के प्रताप फौजदार ने समकालीन विसंगतियों पर तीखा कटाक्ष किया। इसके बाद दिल्ली के गजेन्द्र सोलंकी ने राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया और रुचि चतुर्वेदी ने शिव और कृष्ण भक्ति से ओतप्रोत रचनाओं से श्रद्धा का वातावरण रचा। साथ ही पूनम वर्मा और मनु वैशाली ने प्रेम और आत्मीयता के भावपूर्ण चित्र उकेरे। लोकधारा और काव्यधारा के इस संगम ने भोजपुर की ऐतिहासिक धरती को एक अविस्मरणीय सांस्कृतिक उत्सव में रूपांतरित कर दिया। महादेव महोत्सव ने यह संदेश दिया कि परंपरा और सृजनशीलता का संगम ही सांस्कृतिक ऊर्जा का वास्तविक स्रोत है।

# कमलेश बनीं लोधी महासभा में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष

**भोपाल, 17 फरवरी.अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कल्याण सिंह लोधी,प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, विधायक सुश्री राम सिया भारती की सहमति से श्रीमती कमलेश वर्मा को लोधी महासभा में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया।**



कमलेश वर्मा को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर मध्य प्रदेश की लोधी लोधा समाज की महिलाओं में हर्ष है. पूरे प्रदेश से महिलाओं के बधाई एवं शुभकामनाएं संदेश मिल रहे हैं।

मुख्य रूप से बधाई देने वालों में सरोज राजपूत जिला अध्यक्ष भाजपा टीकमगढ़, अनीता वर्मा भोपाल, तृप्ति सिंह ठाकुर सागर, किरण सिंह भोपाल, कामिनी राजपूत भोपाल, ममता चौधरी, यशोदा वर्मा, शिवानी सिंह, मधु वर्मा, प्रतिभा वर्मा, ममता वर्मा भोपाल, साधना लोधी, चंद्रेश राजपूत भोपाल, जयंती सिंह ठाकुर सागर, शिल्पा सिंगरौलिया, लक्ष्मी सुलाके जबलपुर, अर्चना ठाकुर नरसिंहपुर हैं.

इसके अलावा मंजू लोधी नरसिंहपुर, सुषमा पड़ेरिया, श्रद्धा वर्मा मंडीदीप, उज्जवला लोधी, वर्षा लोधी रायसेन, लीला लोधी सीहोर, नेहा लोधी सीहोर, मीना नरवरिया इंदौर, रीता नरवरिया उज्जैन, सपना बर्मा उज्जैन, पलक नरवरिया इंदौर, दुर्गा वर्मा नर्मदापुरम, सुलेखा राजपूत ग्वालियर, प्रीति वर्मा हरदा, कल्पना सिंह राजपूत टीकमगढ़, हेमंत लोधी दमोह, सोनम लोधी जबलपुर, सीमा लोधी जबलपुर, ममता ठाकुर लखनादौन सिवनी, रानी लोधी गंजबासौदा, चित्र लोधी गंजबासौदा, विभूति राजपूत भोपाल ने बधाई दी है.

प्रस्तुति ▸ 44वें वर्षगांठ समारोह के अंतर्गत बाल रामायण की दी प्रस्तुति, 27 कलाकरों ने लिया भाग

# भारत भवन में कथक की थाप पर सजी बाल रामायण

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल,17 फरवरी. मंगलवार शाम भारत भवन का अंतरंग सभागार में जैसे ही घुंघरुओं की मधुर थाप और रामायण के दोहों की गूंज उठी, वातावरण स्वत: ही भक्तिभाव में डूब गया।**





मंच पर बाल कलाकारों की सधी हुई मुद्राएं और कथक की लयबद्ध गतियां रामकथा को जीवंत करती नजर आ रही थी। यह अवसर था भारत भवन के 44वें वर्षगांठ समारोह के अंतर्गत प्रस्तुत बाल रामायण का, जिसकी परिकल्पना और निर्देशन वास्वती मिश्रा द्वारा की गई। एक घंटे की इस संगीतमयी प्रस्तुति में 5 से 17 वर्ष के 27 कलाकारों ने भाग लिया, जिनमें 22 बाल कलाकार थे। । श्रीराम, सीता, लक्ष्मण और अन्य पात्रों के माध्यम से जन्मोत्सव, वनवास, धनुष भंग, लंका विजय और अयोध्या वापसी जैसे प्रसंगों को प्रस्तुत किया गया। दोहों और चौपाइयों की प्रस्तुति ने कथा को केवल दृश्य नहीं बल्कि भावात्मक अनुभव में बदल दिया।

# विद्यार्थियों को मिला करियर मार्गदर्शन

▸ स्कूल ऑफ फार्मेसी में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

**भोपाल, 17 फरवरी. विदेश में उच्च शिक्षा केवल डिग्री नहीं बल्कि वैश्विक दृष्टिकोण देती है. इसी संदेश के साथ एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी में बी फार्मा चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए विदेश में अध्ययन विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया. कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया.**

जहां एओसीजी टीम ने विद्यार्थियों को विदेश में पढ़ाई से जुड़े अवसरों और प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी. शुरुआत स्कूल ऑफ फार्मेसी के निदेशक और डीन अकादमिक डॉ. एके सिंघई के स्वागत भाषण से हुई.




उन्होंने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा के इस दौर में अंतरराष्ट्रीय अनुभव विद्यार्थियों के करियर को नई ऊंचाई दे सकता है. इसके बाद मुख्य वक्ता शंकर श्रीवास्तव ने उच्च रैंकिंग वाले विदेशी विश्वविद्यालयों, उनकी फीस संरचना और प्रवेश प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने ऐसे संस्थानों की जानकारी भी साझा की जो पूर्ण छात्रवृत्ति प्रदान करते हैं और अतिरिक्त ट्यूशन फीस नहीं लेते. साथ ही भारत सरकार की ओर से विदेश में अध्ययन के लिए उपलब्ध छात्रवृत्तियों की योजनाओं पर भी मार्गदर्शन दिया. व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और अपने भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की. कार्यक्रम ने न केवल जानकारी दी बल्कि विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की दिशा में प्रेरित भी किया.